केंद्र सरकार एवं किसानों के बीच हुई पिछली वार्ता के बाद मीडिया में जो खबर चलाई गई उससे ऐसा दिखाने का प्रयास किया गया जैसे सरकार एवं किसानों के बीच बातचीत बनने वाली है। सरकार ने किसानों की दो मांगें मान ली हैं एवं दो मांगों पर फिर से 4 जनवरी को वार्ता होगी। सच्चाई इसके बिलकुल विपरीत है। बैठक के बाद किसान नेताओं ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि वे अपनी मुख्य मांग से एक कदम भी पीछे नहीं हटे हैं एवं जब तक कृषि सुधार के नाम पर बनाए गए तीनों काले कानूनों को वापस लेने की घोषणा सरकार द्वारा नहीं की जाती उनका आंदोलन न केवल चलता रहेगा बल्कि उसे तेज भी किया जाएगा। किसानों द्वारा धमकी दी जा रही है कि उनके द्वारा बड़े-बड़े मॉल, टोल प्लाजा को बंद करवा दिया जाएगा एवं सरकार को अंतत: उनकी मांग को मानना ही पड़ेगा। दूसरी ओर सरकार अपनी पीठ थपथपाते हुए कहने का प्रयास कर रही है कि किसानों के साथ वार्ता सद्भाव पूर्ण वातावरण में चल रही है। सरकार ने उनकी दो मांगें मान ली हैं। पराली जलाने पर किसानों पर जुर्माना लगाने एवं मुकदमा चलाने पर रोक लगा दी गई है। बिजली कानून से संबंधित किसानों की मांग भी स्वीकार कर ली गई है। अब जिन दो मुद्दों पर बात होनी है उस पर भी 4 जनवरी की बैठक में सहमति बनने के पूरे आसार हैं। जिन दो बातों पर अभी वार्ता होनी है उसमें एमएसपी को लागू करने संबंधी कानून बनाने एवं तीनों कृषि सुधार बिलों को वापस लेने की मांग शामिल है। सरकार किसानों की प्रत्येक मांग मानने का मन बना चुकी है, केवल अब उसका प्रयास अपनी नाक बचाने का रह गया है। सरकार किसानों की प्रत्येक मांग मानने को तैयार है। वह तीनों कृषि कानूनों में तमाम परिवर्तन करने को तैयार है लेकिन वह यह घोषणा करने से बचना चाहता है कि उसने कृषि कानूनों को रद्द कर दिया है। सरकार को लगता है कि यदि वह तीनों कानूनों को वापस लेने की घोषणा करती है तो सरकार की साख पर सवालिया निशान खड़े हो जाएंगे एवं भारत ही नहीं वरन पूरी दुनिया में प्रधानमंत्री मोदी की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। सरकार को यह भी लगता है कि यदि उसने किसानों की मांग को स्वीकार करते हुए कृषि कानूनों को वापस ले लिया तो पूरे देश में नागरिकता संशोधन अधिनियम को भी वापस लेने की मांग दोबारा उठ सकती है एवं शाहिनबाग जैसा धरना देश के विभिन्न भागों में फिर से प्रारंभ हो सकता है। इसलिए सरकार कृषि कानूनों में तमाम परिवर्तन करने का प्रस्ताव किसान संगठनों को दे चुकी है। सरकार एमएसपी पर कानून बनाने का भी मन बना चुकी है लेकिन बात केवल एक मुद्दे पर अटकी हुई है एवं वह है कि सरकार तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने की घोषणा करे जिसे सरकार किसी कीमत पर भी करने को तैयार नहीं है।

इस आंदोलन की कहानी उस बच्चे के समान हो गई है कि बच्चा तो आसमान में विद्यमान चमकते चांद को अपने हाथों में लेना चाहता है एवं मां उसको चॉकलेट, खिलौने एवं पानी में चांद की परछाई दिखाकर बहलाना चाहती है लेकिन बच्चा मानने को तैयार नहीं है व उधम मचाए हुए है। किसी भी सरकार के लिए किसान उसी प्रकार प्रिय एवं महत्वपूर्ण होता है जैसे एक मां के लिए उसका बच्चा होता है। किसान एवं जवान के साथ पूरे देश की भावनाएं जुड़ी होती हैं जिनकी अनदेखी करना किसी भी सरकार के लिए संभव नहीं होता। सरकार किसानों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाने का कोई भी मौका छोड़ नहीं रही है। जो काम रूटीन में होने वाले हैं उनको भी एक समारोह के रूप में परिवर्तित कर किसानों को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। उदाहरण के लिए प्रत्येक किसान के खाते में 4 महीने पर 2000 रुपए डालने की योजना सरकार द्वारा 2019 से ही चलाई जा रही है लेकिन इस बार जब किसानों के खाते में 15 हजार करोड़ रुपए डाले गए तो उसे एक कार्यक्रम में परिवर्तित कर दिया गया एवं सरकार के तमाम मंत्री एवं भाजपा के कार्यकर्ताओं ने स्थान-स्थान पर कार्यक्रम आयोजित कर प्रधानमंत्री के संबोधन को सुनने एवं सुनाने की व्यवस्था की। प्रधानमंत्री ने भी खुलकर अपनी बात रखी एवं धरने-प्रदर्शन पर बैठे किसानों को इन कानूनों का लाभ समझाने का प्रयास किया, लेकिन किसानों के ऊपर उसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा एवं उन्होंने प्रधानमंत्री के भाषण को सिरे से खारिज कर दिया। प्रधानमंत्री के भाषण के तत्काल बाद किसानों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अपने आंदोलन को और तेज करने की घोषणा की। इसी प्रकार प्रधानमंत्री ने पिछले दिनों किसान ट्रेन को रवाना करते हुए भी किसानों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराने का प्रयास किया एवं बताया कि उनकी सरकार किस प्रकार फसल का बेहतर दाम किसानों को दिलवाने के लिए प्रयास कर रही है, किसान ट्रेन भी इसी दिशा में उठाया गया एक कदम है। कहने का तात्पर्य यह है कि सरकार किसानों को बार-बार यह समझाने का प्रयास कर रही है, संकेत दे रही है कि वह उनकी प्रत्येक मांग को स्वीकार करने के लिए तैयार है लेकिन किसानों को मनाने का प्रयास कर रही है कि वे कृषि कानूनों को वापस लेने की जिद छोड़ दें। इसके विपरीत किसान आंदोलन के साथ खड़ी शक्तियों को इस बात का एहसास है कि इस मुद्दे पर सरकार को झुकाकर वह प्रधानमंत्री मोदी की छवि को नुकसान पहुंचाने में सफल हो सकते हैं। इसीलिए वह इस अवसर को हाथ से जाने नहीं देना चाहते। देखते हैं कि किसकी नाक नाक ऊंची रहती है।

E-mail : rgupta@nnsonline.com

# मेट्रो के 'गलियारे' में हरियाली के लिए डीएमआरसी के चेयरमैन एवं दिल्ली के मुख्य सचिव को लिखा पत्र

## सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता चंद्रशेखर पाण्डा एवं गोवर्धनदास अग्रवाल के पत्र पर दिल्ली के मुख्य सचिव ने दिखाई गंभीरता


एडवोकेट चंद्रशेखर पाण्डा


एडवोकेट गोवर्धनदास अग्रवाल



नई दिल्ली। सड़क पर वाहनों के बढ़ते दवाब से एक तरफ जहां प्रदूषण बढ़ रहा है, वहीं दूसरी तरफ सड़क किनारे से पेड़-पौधे गायब होते जा रहे हैं। मेट्रो लाइन के नीचे लगे अधिकांश पेड़-पौधे गायब हो गए हैं, और जहां कहीं कुछ बंचे भी हैं तो वे कटाई-छंटाई के अभाव में बेतरतीब बढ़ गए हैं। इससे लोगों को काफी दिक्कतें होती हैं और दुर्घटना की भी आशंका बनी रहती है। कमोबेश पूरे दिल्ली-एनसीआर का यही हाल है।

इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के सदस्य एडवोकेट चंद्रशेखर पाण्डा एवं एडवोकेट गोवर्धनदास अग्रवाल ने पिछले दिनों दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) के चेयरमैन एवं दिल्ली के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर मेट्रो लाइन के नीचे लगे पेड़-पौधों की देखभाल एवं संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित किए जाने की मांग की थी। उनके पत्र पर कार्रवाई करते हुए दिल्ली के मुख्य सचिव ने लोक निर्माण विभाग एवं उत्तरी दिल्ली नगर निगम, दक्षिणी दिल्ली नगर निगम तथा पूर्वी दिल्ली नगर निगम के कमिश्नर को निर्देश दिया है कि वे मेट्रो लाइन के नीचे लगे पेड़-पौधों की देख-रेख के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी एडवोकेट चंद्रशेखर पाण्डा एवं एडवोकेट गोवर्धनदास अग्रवाल को भी दें।

एडवोकेट चंद्रशेखर पाण्डा एवं एडवोकेट गोवर्धनदास अग्रवाल ने बताया कि मेट्रो की लाइन के नीचे डिवाइडर का निर्माण इसलिए हुआ था, ताकि इनके बीच पेड़ पौधे लगाए जा सके। उद्देश्य यह भी था कि वाहनों से निकलने वाले धुएं से पर्यावरण को कम नुकसान हो। लेकिन आज हालत यह है कि दिल्ली-एनसीआर में तमाम मेट्रो लाइन के नीचे बने डिवाइडर के बीच से पेड़-पौधे देखरेख के अभाव में गायब हो गए हैं। अब यहां पर धूल-मिट्टी उड़ती रहती है। जहां कहीं कुछ पेड़-पौधे बचे भी हैंतो वे देख-रेख एवं कटाई-छंटाई के अभाव में इस कदर बेतरतीब बढ़ गए हैं कि लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतें होती हैं, साथ ही दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। इन पेड़-पौधों से तमाम मेट्रो पिलर के नंबर भी छुप गए हैं, जिससे राहगीरों को पता ढूढ़ने में भी काफी काफी दिक्कत होती है।

एडवोकेट चंद्रशेखर पाण्डा एवं एडवोकेट गोवर्धनदास अग्रवाल ने बताया कि इस संबंध में हमारे पत्र के जवाब में दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन के चेयरमैन ने बताया कि काम पूरा होने के बाद उन्होंने जिस तरह सड़कों को दुरुस्त कर लोक निर्माण विभाग को सौंप दिया, उसी तरह डिवाइडर एवं पेड़-पौधों की जिम्मेवारी भी लोक निर्माण विभाग और एमसीडी को सौंप दी। अब इससे संबंधित जिम्मेवारी उनकी है। डीएमआरसी के चेयरमैन द्वारा अपना पल्ला झाड़ लेने के बाद अब दिल्ली के मुख्य सचिव का पत्र आया है। जिसमें बताया गया है कि उन्होंने लोक निर्माण विभाग एवं उत्तरी दिल्ली नगर निगम, दक्षिणी दिल्ली नगर निगम तथा पूर्वी दिल्ली नगर निगम के कमिश्नर को निर्देश दिया है कि वे मेट्रो लाइन के नीचे लगे पेड़-पौधों की देख-रेख के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी एडवोकेट चंद्रशेखर पाण्डा एवं एडवोकेट गोवर्धनदास अग्रवाल को भी दें।

एडवोकेट चंद्रशेखर पाण्डा एवं एडवोकेट गोवर्धनदास अग्रवाल ने कहा कि स्वच्छ, सुंदर एवं प्रदूषण मुक्त वातावरण हर व्यक्ति का अधिकार है। जनता को सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकारी अधिकारियों की जिम्मेवारी है। जनहित के इस मामले में कोई भी अधिकारी अपनी जवाबदेही से बच नहीं सकता। जनता की सेवा उनका संवैधानिक दायित्व है। मेट्रो लाइन के नीचे लगे पेड़-पौधों की देखभाल सिर्फ हरियाली का मामला नहीं है बल्कि यह जनस्वास्थ्य से जुड़ा मामला है। इसलिए इस मामले में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों /कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। अब दिल्ली के मुख्य सचिव के पत्र के बाद ही सही इस दिशा में शीघ्र ही गंभीरता पूर्वक कार्य किया जाना चाहिए।

# मेरी दिल्ली -मेरी शान

## नया वर्ष-नया स्टेन


अक्षय गुप्ता

पूरी दुनिया में नए वर्ष का स्वागत कोरोना के संक्रमण के बीच लोगों ने सावधानी बरतते हुए किया। 2020 में पूरी दुनिया को हैरान-परेशान करने के बाद कोरोना ने भी नए वर्ष का स्वागत करने के लिए नया कलेवर धारण कर लिया है, जिसकी पहचान सबसे पहले ब्रिटेन में हुई लेकिन वह अब दुनिया के दूसरे देशों में भी प्रवेश करने में सफल हो चुका है। भारत में भी इसके संक्रमितों की पहचान दिल्ली, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक सहित अनेक राज्यों में हो चुकी है। यह कहा जा रहा है कि कोरोना का नया रूप पहले की तुलना में 70 प्रतिशत तेज गति से फैलता है। कोरोना के पुराने रूप को केंद्र में रखकर पूरी दुनिया में एक वर्ष के अथक परिश्रम के बाद जो टीके विकसित किए गए हैं वह नए रूप पर कितने प्रभावी होंगे इसको लेकर भी वैज्ञानिकों एवं चिकित्सकों में बहस छिड़ी हुई है। इसलिए 2021 में भी कोरोना पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया जाएगा इसकी उम्मीद रखना निराशाजनक ही सिद्ध होगा। सभी लोगों को कोरोना के संक्रमण को ध्यान में रखते हुए ही 2021 के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करनी चाहिए एवं सामाजिक जीवन में शारीरिक दूरी बनाए रखने में सावधानी बरतने का प्रयास करना चाहिए। कोरोना संक्रमण की गति को देखकर कोई भी आश्चर्यचकित हो सकता है। जो कोरोना केरल एवं दिल्ली में लगभग एक महीने तक पांच हजार एवं आठ हजार लोगों को रोजाना शिकार बनाता रहा वही कोरोना बिहार में होने वाली चुनावी रैलियों पर कोई असर नहीं डाल सका। पिछले एक महीने से दिल्ली की सीमा पर लाखों की संख्या में किसान बैठे हुए हैं, प्रतिदिन हजारों लोगों से उनकी मुलाकात हो रही है लेकिन वहां कोरोना से संक्रमित होने वालों की संख्या खतरनाक नहीं हो सकी जबकि उन्हीं दिनों में दिल्ली में प्रतिदिन 7-8 हजार की संख्या में लोग संक्रमित होते रहे। जिस चीन में इसकी उत्पत्ति हुई एवं जिसकी जनसंख्या 150 करोड़ लोगों से अधिक है वहां तो कोरोना पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया गया लेकिन यह खतरनाक वायरस अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी से खार खाए बैठा है एवं वहां के लोगों को सांस भी नहीं लेने दे रहा। इस स्थिति में यह समझना कठिन है कि आखिरकार यह कैसा वायरस है जो अलग-अलग देशों में अलग-अलग तरीके से व्यवहार कर रहा है। निश्चित रूप से इसमें कोई न कोई रहस्य है जिसका पता लगाने की आवश्यकता है। भारत में तो इसकी रफ्तार अधिकतम प्रतिदिन एक लाख लोगों को संक्रमित करने तक ही पहुंच सकी लेकिन अमेरिका में यह एक बार फिर तूफानी गति से बढ़ रहा है एवं एक दिन में एक लाख अस्सी हजार तक लोगों के संक्रमित होने की खबर है। अमेरिका जैसी स्वास्थ्य सुविधाएं तो दुनिया के किसी भी देश में नहीं है। वहां की शत-प्रतिशत शिक्षित जनता की समझदारी पर भी सवाल नहीं खड़ा किया जा सकता। फिर क्या कारण है कि अमेरिका इस वायरस पर नियंत्रण नहीं कर पा रहा है एवं भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका जैसे देशों ने इस वायरस पर काफी सीमा तक नियंत्रण स्थापित कर लिया है। इससे पता चलता है कि वैज्ञानिक प्रगति के तमाम दावे खोखले हैं एवं मनुष्य अभी भी प्रकृति के रहस्यों के एक बहुत ही छोटे से रूप एवं अंश को ही पहचानने में सफल हो सका है।

मनुष्य के ज्ञान की यह सीमा ही उसे ईश्वर की परिकल्पना करने के लिए मजबूर करती है एवं उसे यह स्वीकार करना पड़ता है कि उसके हाथ में कर्म करने के अलावा कुछ भी नहीं है। मनुष्य की सीमा कर्म करने तक सीमित करती है उसके कर्म का क्या फल मिलेगा यह जानना उसके लिए आज से पांच हजार साल पहले द्वापर में भी संभव नहीं था एवं आज भी संभव नहीं है। जिस प्रकार की स्थितियां भारत में विद्यमान हैं एवं कोरोना संक्रमण काल में भी जिस प्रकार हमारे देश में चुनाव करवाए गए, धरने-प्रदर्शन किए जा रहे हैं, चुनावी रैलियां एवं रोड शो किए जा रहे हैं उसे देखते हुए भारत में कोरोना के संक्रमण का नियंत्रित रह जाना किसी आश्चर्य से कम नहीं है। भारत में कोरोना से होने वाली मृत्यु दर भी अमेरिका से कम रही है या यूं कहें कि दुनिया के तमाम देशों से कम रही है तो इसका श्रेय सरकार की योजनाओं को देने की बजाय ईश्वर की मर्जी को ही देना पड़ेगा। यह ईश्वर की भारत पर बहुत बड़ी कृपा ही है कि अभी तक कोरोना भारत में भयावह रूप धारण नहीं कर सका एवं इसे भी ईश्वर की कृपा ही माना जाएगा यदि कोरोना का नया स्टेन भारत में अपने पांव पसार नहीं पाएगा। यह भी लगभग तय हो चुका है कि कोरोना से संक्रमित होने वालों की संख्या प्रतिदिन चाहे कितनी भी हो जाए अब भारत में फिर से लॉकडाउन लगने वाला नहीं है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति की सुरक्षा या तो उसकी सावधानी पर निर्भर करती है अथवा ईश्वर की कृपा पर निर्भर है। नए साल में भी पूरी सावधानी के साथ अपना कामकाज करें एवं ईश्वर पर आस्था बनाए रखें। यह सोच भी गलत सिद्ध हो सकती है कि भगवान की जो मर्जी होगी वही होगा। भगवान भी अपनी मर्जी से कुछ नहीं करते वह भी मनुष्य को उसके कर्मों का फल ही देते हैं। कभी-कभी वह कर्म हमें समझ में आ जाते हैं एवं कभी जब समझ में नहीं आते तो हम ईश्वर के न्याय पर भी सवाल खड़े करने लगते हैं। इसलिए भविष्य में क्या होगा यह तय करना तो हमारे लिए संभव नहीं है, लेकिन भविष्य में हम क्या करेंगे यह निश्चित रूप से हमारे हाथ में है।

E-Mail : akshaynns@gmail.com

# अशोक विहार वेलफेयर सोसायटी के प्रधान पवन गुप्ता का आकस्मिक स्वर्गवास



अशोक विहार। प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं अशोक विहार वेलफेयर सोसायटी के प्रधान पवन गुप्ता के असामयिक निधन से राजधानी के सामाजिक जीवन में सक्रिय लोगों में शोक की लहर छा गई है। 65 वर्षीय पवन गुप्ता पूरी तरह से स्वस्थ थे लेकिन 2021 का पहला ही दिन गुप्ता परिवार के लिए अत्यंत दुखद सिद्ध हुआ एवं प्रात: काल अचानक हार्ट अटैक के कारण उनका स्वर्गवास हो गया। उनका अंतिम संस्कार सायंकाल 5 बजे निगमबोध घाट पर किया गया, जिसमें कोरोना सुझावों का पालन करते हुए बड़ी संख्या में सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। उठावनी की रस्म रविवार, 3 जनवरी को महाराजा अग्रसेन भवन, डी-ब्लॉक, अशोक विहार में प्रात: 10 बजे संपन्न होगी। तेरहवीं एवं श्रद्धांजलि सभा 13 जनवरी को संपन्न होने की चर्चा है लेकिन अभी इस संबंध में अंतिम निर्णय नहीं हो सका है। स्व. गुप्ता अशोक विहार वेलफेयर सोसायटी के कई सत्र में प्रधान रहे एवं उनके मार्गदर्शन में इस संस्था ने मानव सेवा के क्षेत्र में अत्यंत शानदार कार्य किया। विशेष रूप से सोसायटी द्वारा संचालित विद्यालय एवं स्वास्थ्य केंद्र की गुणवत्ता को बेहतर बनाने की दिशा में उनके द्वारा उठाए गए कदमों की समाज में व्यापक सराहना हुई। इसके अलावा भी वे अनेक सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं से सक्रिय रूप से जुड़े हुए थे, जिसमें महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल चौरिटेबल ट्रस्ट पंजाबी बाग, बालाजी निरोगधाम पल्ला रोड बख्तावरपुर, हरियाणा मैत्री संघ पीतमपुरा, तीर्थ विकास ट्रस्ट पंजाबी बाग, सालासर धाम विकास समिति पंजाबी बाग, बांके बिहारी निष्काम चौरिटेबल ट्रस्ट प्रमुख हैं। स्व. गुप्ता अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं जिनमें उनकी धर्मपत्नी सरोज गुप्ता, पुत्र विपिन गुप्ता, पुत्र वधू निशा गुप्ता, पुत्री अनीशा गुप्ता, स्वाति गुप्ता, दामाद राहुल गुप्ता एवं पीयूष गुप्ता सम्मिलित हैं।

# श्री वैष्णो सेवा मण्डल चैरि. ट्रस्ट (रजि.) के सदस्यों ने नए साल पर किया मरघट वाले बाबा का विशेष पूजन-अर्चन





जमना बाजार। प्रभु श्री राम चन्द्र जी के अनन्य भक्त शिरोमणि श्री हनुमान जी की असीम अनुकंपा से श्री वैष्णों सेवा मण्डल चौरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) के सदस्यों को नये साल के दिन प्रात: 8:30 बजे मरघट वाले बाबा श्री हनुमान जी मंदिर जमना बाजार में श्री हनुमान जी महाराज के दिव्य दर्शन, विशेष पूजा-अर्चना, स्पेशल भण्डारा प्रसाद एवं श्री गुरु मां जी के कर-कमलों द्वारा शुभ आशीर्वाद एवं विशेष कृपा प्रसाद प्राप्त करने का शुभ अवसर मिला। इस अवसर पर श्री वैभव शर्मा गुरु जी का भी सान्निध्य प्राप्त हुआ। संजय मित्तल (कैलाश चन्द वर्क वाला) एवं श्री वैष्णों सेवा मण्डल चौरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) के महामंत्री दिपेंद्र सिंघल के विशेष प्रयासों से ट्रस्ट सदस्यों एवं उनके परिजनों ने भगवत्कृपा का लाभ उठाया।

# दिल्ली में 7 महीने में पहली बार 500 से कम नए कोरोना केस

नई दिल्ली। नए साल की शुरुआत में दिल्लीवालो को खुशखबरी मिल रही है। शुक्रवार को विशेषज्ञों की समिति ने ऑक्सफर्ड की कोरोना वैक्सीन को आपात स्थिति में इस्तेमाल के लिए मंजूरी की सिफारिश की है। इस बीच करीब 7 महीने के बाद पहली बार राजधानी दिल्ली में कोरोना के 500 से कम नए मामले सामने आए हैं। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली में कोरोना के 494 नए मामले सामने आए हैं। इस दौरान 14 लोगों की कोरोना संक्रमण की वजह से मौत हुई है जबकि 496 लोग कोरोना के संक्रमण से मुक्त हुए हैं। इससे पहले 17 मई को दिल्ली में 500 से कम कोरोना केस सामने आए थे।

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने भी ट्वीट करके इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने ट्वीट किया 17 मई के बाद 7 महीने में पहली बार 500 से कम कोरोना केस सामने आए हैं। पॉजिटिविटी रेट भी 7 नवंबर के 15.26 फीसदी के तुलना में घटकर 0.73 फीसदी हो गया है। पॉजिटिविटी रेट पिछले 11 दिनों से लगातार एक फीसदी से नीचे है। ऐक्टिव केस भी 13 नवंबर को 44 ,456 की तुलना में घटकर 5,342 हो गए हैं।

देशभर में चल रहे कोरोना वैक्सीनेशन के ड्राई रन के बीच स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि देशभर में कोरोना की वैक्सीन मुफ्त में लगाई जाएगी। दिल्ली में कोरोना वैक्सीनेशन के ड्राई रन का जायजा लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत में हर्षवर्धन ने कहा कि सिर्फ दिल्ली ही नहीं, पूरे देश में कोरोना की वैक्सीन मुफ्त में लगाई जाएगी।

मेरी दिल्ली सप्ताहांत
मेरी दिल्ली हाउस, 25/10
ईस्ट पंजाबी बाग, नई दिल्ली-26
आर.एन.आई. नं. : 49326/89
रजि. नं. : DL (W) 05/2065/18-2020
लाइसेंस नं. : U (W) - 8/2018-2020
संस्थापक : स्व. नेकी राम गुप्ता
प्रेरणास्त्रोत : स्व. केसर सिंह गुप्ता
संपादक : राजेश गुप्ता
वार्षिक शुल्क
साधारण डाक से : 200 रु.
विज्ञापन व प्रशासन
मो.-8447732401, 9899632000
इंटरनेट सर्विस: www.nnsmediagroup.com
ई-मेल : nnsonline@.nnsonline.com
स्वत्वाधिकारी एन.एन.एस. ऑनलाइन प्रा. लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेश गुप्ता द्वारा 25/10, ईस्ट पंजाबी बाग, नई दिल्ली-110026 से प्रकाशित तथा विभा पब्लिकेशन प्रा.लि. , डी-160 बी, सेक्टर-7, नोएडा से मुद्रित
लिखित अनुमति के बिना सम्पूर्ण या आंशिक पुनर्प्रकाशन पूर्णत: प्रतिबंधित।
नोट : 'मेरी दिल्ली' में प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाएगा।
आवश्यक सलाह : विज्ञापन में किए गए दावों के संबंध में किसी निर्णय से पहले पाठक सभी तथ्यों की समुचित जांच स्वयं कर ले। किसी भी प्रकार के लेन-देन / दावे के लिए समाचारपत्र जिम्मेवार नहीं है।
सूचना- वस्तु उपयोग व स्वास्थ्य संबंधी जानकारी की प्रामाणिकता के लिए अपने स्वास्थ्य सलाहकार या डॉक्टर की सलाह पर ही अमल करें। 'मेरी दिल्ली' प्रबंधन इसके लिए उत्तरदायी नहीं है।

मेरी दिल्ली हिन्दी दैनिक
की खबरें अपने मोबाईल पर पाने के लिए Like करें फेसबुक पर
www.facebook.com/meridelhinews

# श्री सांवरिया सेठ चरण वंदना मंडल द्वारा एक शाम खाटू वाले के नाम का हुआ आयोजन







रानीबाग। श्री सांवरिया सेठ चरण वंदना मंडल (रजि.), श्रीनगर, रानीबाग द्वारा शुक्रवार 25 दिसंबर को शाम 6:15 बजे से शिव मंदिर राजधानी एंक्लेव में एक शाम खाटू वाले के नाम का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान आमंत्रित भजन गायकों पं. श्री पवन कौशिक जी (श्री वृंदावन धाम) एवं राधा रानी (दिल्ली) ने एक से बढ़कर एक मधुर एवं कर्णप्रिय भजनों की प्रस्तुति से बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालु भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान बाबा का भव्य दरबार, छप्पन भोग (प्रसाद) एवं श्याम रसोई (भंडारा) प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहे।

कार्यक्रम के आयोजन में श्री सांवरिया सेठ चरण वंदना मंडल (रजि.) के प्रधान सुनील बंसल, महासचिव संजय गर्ग, कोषाध्यक्ष प्रवीण गर्ग, सह कोषाध्यक्ष ललित गर्ग, वरिष्ठ उप प्रधान महेंद्र गुप्ता, उप प्रधान बाल भूषण गोयल, अनूप गर्ग एवं प्रवीण अग्रवाल, प्रचार मंत्री पवन गर्ग, सचिव राधेश्याम गर्ग, विकास गुप्ता, धर्मवीर गुप्ता एवं अमित गर्ग आदि की प्रमुख भूमिका रही।

# प्राइम लोकेशन में डीडीए लेकर आया बड़े साइज के महंगे फ्लैट्स

नई दिल्ली। इस बार डीडीए की हाउसिंग स्कीम में फ्लैट्स को खारिज करने की कोई वजह आपको नजर नहीं आएगी। यदि बजट है तो फ्लैट्स लेने का सुनहरा मौका आप चूकेंगे नहीं। प्राइम लोकेशन में इतने बड़े साइज के फ्लैट्स डीडीए ने इससे पहले कभी नहीं लॉन्च किए हैं। यही वजह है कि फ्लैट्स की कीमत भी पिछली सभी स्कीमों में से काफी अधिक है।

जसौला के पॉकेट-9 में डीडीए अब तक के सबसे महंगे फ्लैट लेकर आई है। एचआईजी (3बीएचके) के इस फ्लैट की कीमत 2.14 करोड़ है। पिछली बार इसी सेगमेंट में सबसे महंगे फ्लैट वसंत कुंज में 1 करोड़ 72 लाख की कीमत में उपलब्ध हैं। पिछली स्कीम के फ्लैट का साइज 115.15 स्क्वॉयर मीटर था, लेकिन इस बार यह साइज 177.26 स्क्वॉयर मीटर है। प्राइम लोकेशन के साथ मेट्रो स्टेशन भी काफी नजदीक है।

इस बार एचआईजी का सबसे सस्ता फ्लैट जसौला में 1.97 करोड़ की कीमत का है। यह पिछले साल के सबसे महंगे फ्लैट से भी महंगा है। पिछले साल एचआईजी में 2बीएचके फ्लैट वसंत विहार में शमिल किए गए थे। उस समय इस सेगमेंट में सबसे सस्ते फ्लैट की कीमत 93.67 लाख थी।

A COURIER with CARE a name of Trust
AGC
Akash Ganga®
Courier Limited
MORE THAN 3000 DESTINATION
Regd. Off. :
Opp. Railway Station, Loonkaransar, Distt. Bikaner (Raj.)
Corporate Office
1310-11-12, D.B. Gupta Road (Naiwala), Karol Bagh, New Delhi-05
Ph. : 011-28752881
E-mail : delhi@akashganga.info, Website : www.akashganga.info


ललित एण्ड पार्टी
★ भगवती जागरण
★ चौकी
★ भजन संध्या
★ लेडीज़ संगीत
★ संगीत कार्यक्रम

दूरभाष : 9899193399, 25218278, 25216338
304, पॉकेट-1, पश्चिम पुरी, शक्ति मार्किट रोड़, नई दिल्ली-63
MDW/04


सकरनी
व्हाइट सीमेंट
मज़बूती की बात
ख़ूबसूरती के साथ
अंतर्राष्ट्रीय स्तर का
सकरनी व्हाइट सीमेंट


Kafila Forge Ltd.
Wishing You A Happy and
Prosperous New Year 2021
Dr. Anil Parkash Aggarwal
Chairman & Managing Director
Kafila® AUTO PARTS
Akshay Aggarwal
Director
Manufacturers and Exporters of Auto Parts: Kafila Forge Ltd. (KFL) is instrumental in making company the leader in Auto Industry. KFL has also diversified into the challenging and high growth sectors of Defense, Oil & Gas and Railways. With our strong platform of metal forming and machining knowledge, design and engineering capabilities and diverse state of the art manufacturing setups, we believe our advent in these sectors will strongly position us towards new growth perspectives. KFL strives towards expanding our expertise across sectors to transition from an auto component supplier to a leading engineering organization with diverse complimentary businesses. The Kafila Group has lived upto its promise of realising the dream of its founders by emerging as a force to reckon with in the Indian automobile market today. KFL has emerged as the leading manufacturer of Steering & Suspension Components, Bearings, Water pump Assemblies, Engine Mountings, Spring Bushes etc. The company is supplying to OEM Escort, M&M, New Holland Tractor and export to Eastern Europe and USA and others countries. The visionary Dr. Anil Parkash Aggarwal plans to diversify and looks forward towards bigger acquisitions in the auto industry.
KFL
Kafila Forge Ltd. has made a name for itself in the list of top suppliers of Motor Vehicle Engine Parts like Grease, Oil, Universal Joint Cross, Automotive Oil, Central Bearing, Rubber Parts & Suspension Parts in India. The supplier company is located in Delhi & Faridabad and whole supply of our products distribute through Pan India.
Perfection Precision Performance
Kafila Forge Ltd
32, Rajasthani Udyog Nagar, Delhi - 110 033 INDIA
Tel: 011- 47552616, 41410650, 64555888, 47552617 • Fax: 011-27693463 • E-mail: info@kafila.com
Customer Care No: 011-64555888


2021
HAPPY NEW YEAR
WPPL
Wonder Polymers
SITRA
Service for Excellence
Approved
Member
CII
N-1502 P
Website: www.wppl.in
• Pressure/Heat Sensitive Tapes & Product
• Lamination Adhesive
Self Adhesive Tapes / Composite / Lamination Based on Paper Film, Fabric Foil Foams Membranes for Packaging, Insulation, Furnishing Technical Electronic Electrical Thermal, Protection Printing Packaging - LED - Medial Devices PPE Kits
for over 33 Years, WPPL has been an expert in adhesive & polymer - based solutions
Mob: 9811142693 • E-mail: arungupta@wonderpolymers.net
Showroom: A90, Indra Nagar, Near Adarsh Nagar Metro Station, Delhi - 110033


HAPPY
New year
2021
Sai Corporation
SHUBHAM GUPATA
SAI ADHESIVES
SAI CORPORATION
SAI ADHESIVES
We are one of the finest importers of Adhesives tapes, Adhesives, Thermal management products and pneumatic parts in India.
Our nature of business Envolves
1. Importer and Trader of all types Adhesives tapes,Thermal management solution products,timing belts and conveyor belts.
• Importers and distributors of timing belt (habasit) pu belt, Optibelt(Germany) timing belt, and pyramid(usa) antistatic belt.
• Includes complete range of thermal management solution. (Thermal pad, Thermal grease, thermal insulation pad, thermal conductive adhesives).
• Last but not the least ,Rich experience in making Die cuts related to foam , masking, polymide tape . Have in house die cutting facility.
WE ARE WORKING UNDER THREE NAMES
SAI CORPORATION • SAI ADHESIVES • ADVANCE TECH AND PNEUMATIC
A-1/257, Ground Floor, Rohini, Sec.-6, New Delhi-110085
M. : +91-9718222531, +91-9650064443
E-hari@saicorporation.in, shubham@saicorporation.in

ARC
Since 1972

# Associated Road Carriers Limited

THE PEOPLE WITH A WILL TO SERVE




1202-A-1203, PLOT NO. A1, MEGA SHOPPING D MALL,
NETAJI SUBHAS PLACE, PITAMPURA,
NEW DELHI - 110034 (DELHI)
PHONE : 011 - 43590000, 43590001 • FAX : 43590099
EMAIL : dlh@arclimited.com • Web : www.arclimited.com

# Wish You A Very Happy

# NEW YEAR LOHRI & MAKAR SANKRANTI



HARISH SEHGAL






JAYANT SEHGAL

## SHIVA ASSOCIATES

**HARISH SEHGAL**
+91 - 8800498282
+91 - 9212749995

**JAYANT SEHGAL**
+91 - 9871221227
+91 - 7503992222



- SALE & PURCHASE
- RENTING
- COLLABORATION
- COLONISERS
- FINANCE ADVISORS



011-47252222, E-mail : shivaassociates42@gmail.com

## EMINENCE EVENTAINERS

*Be a guest at your own event....*

- Wedding Planners (Destination Weddings - INDIA & ABROAD)
- Corporate Events
- Celebrity / Artist Management
- Theme Decors, Fabrications & Catering

**ELITE WEDDINGS**

(FROM VOW TO WOW...)

+91 - 987 122 1227 +91 - 813 009 7786 +91 - 882 622 7876 +91-11-47252222

jayant@eminenceevents.in www.eminenceevents.in eminenceeventainers

Date of Publication- : 03/01/2021
Posted at Delhi R.M.S. on- : 04/05/01/2021
Postal Regn. : DL (W) 05/2065/2018-2020 RNI No. 49326/89
Licence to Post Without Prepayment : U (W) - 08/2018-2020

WELCOME®

WELCOME®

# HAPPY New Year



## From the House of

Dr. Lamba
1941 JOR

## NEW WEMBLEY PRODUCTS




First Time In **INDIA** **3D** Printed PACKAGING

## *INNOVATIVE REDUCERS*

## LAUNCHING SOON
## IN NEW ATTRACTIVE PACKAGING

☎ 011-41427170 • 011-25925114

*Manufacturer of*
*All TYPE OF QUALITY REDUCER RETARDER THINNERS & PAINTS REMOVER*

**NEW WEMBLEY PRODUCTS**
53A/4, Rama Road, New Delhi - 110015 • Phone: 011 - 41427170, 25925114